This Question Paper consists of **30** questions and **8** printed pages.
इस प्रश्न–पत्र में **30** प्रश्न तथा **8** मुद्रित पृष्ठ हैं।

Roll No.
अनुक्रमांक | | | | | | | | | | | | |

Code No. 63/OSS/1
कोड नं.

SET/सेट **C**

BIOLOGY (Theory)
जीवविज्ञान (सिद्धान्त)
(314)

Day and Date of Examination
(परीक्षा का दिन व दिनांक) _____

Signature of Invigilators **1.** _____
(निरीक्षकों के हस्ताक्षर)
2. _____

General Instructions :

1 Candidate must write his/her Roll Number on the first page of the Question Paper.

2 Please check the Question Paper to verify that the total pages and total number of questions contained in the Question Paper are the same as those printed on the top of the first page. Also check to see that the questions are in sequential order.

3 Making any identification mark in the Answer-Book or writing Roll Number anywhere other than the specified places will lead to disqualification of the candidate.

4 Write your Question Paper Code No. **63/OSS/1, Set–C** on the Answer-Book.

5 (a) The Question Paper is in English/Hindi medium only. However, if you wish, you can answer in any one of the languages listed below :
English, Hindi, Urdu, Punjabi, Bengali, Tamil, Malayalam, Kannada, Telugu, Marathi, Oriya, Gujarati, Konkani, Manipuri, Assamese, Nepali, Kashmiri, Sanskrit and Sindhi.
You are required to indicate the language you have chosen to answer in the box provided in the Answer-Book.

(b) If you choose to write the answer in the language other than Hindi and English, the responsibility for any errors/mistakes in understanding the question will be yours only.

सामान्य अनुदेश :

1 परीक्षार्थी प्रश्न–पत्र के पहले पृष्ठ पर अपना अनुक्रमांक अवश्य लिखें ।

2 कृपया प्रश्न–पत्र को जाँच लें कि प्रश्न–पत्र के कुल पृष्ठों तथा प्रश्नों की उतनी ही संख्या है जितनी प्रथम पृष्ठ के सबसे ऊपर छपी है । इस बात की जाँच भी कर लें कि प्रश्न क्रमिक रूप में हैं ।

3 उत्तर–पुस्तिका में पहचान–चिह्न बनाने अथवा निर्दिष्ट स्थानों के अतिरिक्त कहीं भी अनुक्रमांक लिखने पर परीक्षार्थी को अयोग्य ठहराया जायेगा ।

4 अपनी उत्तर–पुस्तिका पर प्रश्न–पत्र की कोड संख्या **63/OSS/1, सेट-C** लिखें ।

5 (क) प्रश्न–पत्र केवल हिंदी/अंग्रेजी माध्यम में है । फिर भी, यदि आप चाहें तो नीचे दी गई किसी एक भाषा में उत्तर दे सकते हैं :
अंग्रेजी, हिंदी, उर्दू, पंजाबी, बंगला, तमिल, मलयालम, कन्नड़, तेलुगु, मराठी, उड़िया, गुजराती, कोंकणी, मणिपुरी, असमिया, नेपाली, कश्मीरी, संस्कृत और सिंधी ।
कृपया उत्तर–पुस्तिका में दिए गए बॉक्स में लिखें कि आप किस भाषा में उत्तर लिख रहे हैं ।

(ख) यदि आप हिंदी एवं अंग्रेजी के अतिरिक्त किसी अन्य भाषा में उत्तर लिखते हैं तो प्रश्न को समझने में होने वाली त्रुटियों / गलतियों की जिम्मेदारी केवल आपकी होगी ।

BIOLOGY (Theory)
जीवविज्ञान (सिद्धान्त)
(314)

Time : **3** Hours] [Maximum Marks : **80**
समय : 3 घण्टे] [**पूर्णांक : 80**

Note : (i) This Question Paper consists of 30 questions.
(ii) **All** questions are **compulsory.**
(iii) Marks for each question have been indicated against it.
(iv) Each question from Q. Nos. 1 to 8 has four alternatives – (A), (B), (C) and (D), out of which one is the most appropriate. Choose the correct answer among the four alternatives and write it in your answer-book against the number of the question. No separate time is allotted for attempting multiple choice questions.

निर्देश : (i) इस प्रश्न–पत्र में 30 प्रश्न हैं ।
(ii) **सभी प्रश्न अनिवार्य** हैं ।
(iii) प्रत्येक प्रश्न के अंक उसके सामने दर्शाये गये हैं ।
(iv) प्रश्न क्रमांक 1 से 8 तक के प्रत्येक प्रश्न में चार विकल्प – (A), (B), (C) और (D) दिये गये हैं, जिनमें एक सर्वाधिक उचित है । चार विकल्पों में से सही उत्तर चुनिये तथा अपनी उत्तर–पुस्तिका में प्रश्न क्रमांक के सामने लिखिये । बहुविकल्पी प्रश्नों के लिये अलग से समय नहीं दिया जायेगा ।

---

1 One of your class fellow put some dry grams in water overnight. Next morning it was fully swollen. Name the phenomenon involved. **1**

(A) Osmosis (B) Imbibition
(C) Plasmolysis (D) Diffusion

आपके एक सहपाठी ने कुछ शुष्क (सूखे) चने के दानों को पानी में डाल कर रात्रिभर के लिए छोड़ दिया । अगली प्रातः उसने देखा कि यह दाने पूर्ण रूपेण फूल गए हैं । इस परिघटना का नाम है –

(A) परासरण (B) अंतःशोषण
(C) जीवद्रव्य कुंचन (D) विसरण

2 Which of the following is an example of a dorsoventrally flattened organism. **1**

(A) Neries (B) Ascaris
(C) Leech (D) Planaria

निम्नलिखित में कौन–सा एक पृष्ठा धरतः (पृष्ठ अधर रूप से) चपटा जीव है ?

(A) नेरिस (B) ऐस्केरिस
(C) लीच (D) प्लैनेरिया

3 Which of these plants exhibits Saprophytic mode of nutrition ? 1

(A) Monotropa (B) Cuscuta

(C) Nepenthes (D) Money plant

निम्नलिखित पौधों में से कौन–सा मृतजीवी पोषण दर्शाता है ?

(A) मोनोट्रोपा (B) कस्कुटा

(C) नेपेन्थीज़ (D) मनीप्लांट

4 What does the following sequence represent ? 1

Blue green algae → Crustose lichens → Foliose lichens → Mosses → Shrubs → Dicotyledonous Plants.

(A) Genetic Drift (B) A food Pyramid

(C) Ecological Succession (D) Phylogenetic trend

निम्न क्रम क्या विर्निदिष्ट (निरूपित) करता है ?

नील हरित शैवाल → पर्पटीमय शैक (लाइकेन) → पर्णिलशैक → मॉस → झाड़ियाँ → द्विबीजपत्री वृक्ष

(A) आनुवंशिक विचलन (B) एक खाद्य पिरामिड

(C) पारिस्थितिक अनुक्रमण (D) जातिवृत्तीय प्रवृत्ति

5 The cellwall is made up of a chemical which is unique in bacteria. Name the chemical. 1

(A) Peptidoglycan (B) Chitin

(C) Lignin (D) Cellulose

जीवाणु (बैक्टीरिया) की कोशिकाभित्ति एक विशिष्ट रसायन से बनी होती है, जिसका नाम है :

(A) पेप्टिडोग्लाइकैन (B) काइटिन

(C) लिग्निन (D) सेल्यूलोज

6 A girl is born with a genetic disorder having 45 chromosomes. Her Karyotype is 44+XO. Identify the disorder from the following. 1

(A) Down's syndrome (B) Haemophilia

(C) Turner's syndrome (D) Klinefelter's syndrome

एक लड़की जन्मजात आनुवंशिक विकार युक्त है जिसके गुणसूत्रों (क्रोमोसोमो) की संख्या 45 है । उसका कैरियोटाइप 44+XO है । निम्न में से इसके आनुवंशिक विकार को पहचान कर लिखिए :

(A) डाउन सिंड्रोम (B) हीमोफीलिया

(C) टर्नर्स सिंड्रोम (D) क्लाइनफेल्टर सिंड्रोम

7 Which of the following antibodies is present in Colostrum that provides immunity to the new born infant ? 1

(A) IgG (B) IgE

(C) IgM (D) IgA

नवस्तन्य में कौन–सा प्रतिरक्षी होता है जो नवजात शिशु को प्रतिरक्षा प्रदान करता है ?

(A) IgG (B) IgE

(C) IgM (D) IgA

8 Which of the following is a broad spectrum antibiotic ? 1

(A) Penicillin (B) Erythromycin

(C) Paracetamol (D) Streptomycin

निम्नलिखित में से कौन–सा एक व्यापक स्पेक्ट्रम ऐंटीबायोटिक है ?

(A) पेनिसिलीन (B) एरिथ्रोमाइसिन

(C) पैरासिटामॉल (D) स्ट्रेप्टोमाइसिन

9 Draw a neat diagram of a longitudinal section of an Ovule in an Angiosperm and label the Embryo-sac and micropyle. 2

किसी आवृत्तबीजी पौधे के बीजाण्ड की आयाम काट का चित्र बनाइए तथा इसके भ्रूणकोष एवं सूक्ष्म द्वार को नामांकित कीजिए ।

10 Name the surgical methods of Contraception in human male and female. Also mention the basic procedure involved in the two methods. 2

मानव पुरुष एवं स्त्रियों में गर्भनिरोध की शल्य विधि के नाम लिखिए तथा दोनों प्रणालियों की आधारभूत विधि का उल्लेख कीजिए ।

11 Draw a neat and labelled diagram of an Open Stomata in a Dicot Plant. 2

एक द्विबीजपत्री पौधे के खुले रंध्र का स्वच्छ एवं नामांकित चित्र बनाइए ।

12 Why does insectivorous plants eat insects, when it is capable of carrying out photosynthesis ? 2

यद्यपि कीटभक्षी पौधे प्रकाश संश्लेषण करने में सक्षम हैं, फिर भी वे कीटों का भक्षण क्यों करते हैं ?

13 (a) Write the name of the hormone secreted by the Human Placenta. 2

(b) Write the name of the hormone which stimulates the development of male characteristics during puberty.

(a) मानव अपरा (प्लेसेंटा) द्वारा स्रावित हार्मोन का नाम लिखिए ।

(b) उस हार्मोन का नाम लिखिए जो यौवनारंभ (किशोरावस्था) में पौरुष (नर) लक्षणों के विकास को उद्दीपित करता है ।

14 (a) Expand the abbreviation PEM. 2

(b) Write the Name of one disease caused due to PEM.

(a) संक्षेपाक्षर 'PEM' का विस्तृत रूप लिखिए ।

(b) PEM के कारण होने वाले किसी एक रोग का नाम लिखिए ।

15 Name the Phytohormones involved in the following functions : 2

(a) Helps in the elongation of stems in genetically dwarf plants.

(b) Delays fall of leaves.

निम्नलिखित प्रकार्यों में संलिप्त पादप हार्मोन के नाम लिखिए :

(a) आनुवंशिक रूप से बौने पौधों के तने की लम्बाई बढ़ाने में सहायक ।

(b) पत्तियों के गिरने (झड़ने) को विलम्बित करना ।

16 After a surgery, a man was advised to include more proteins and Iron in his diet. Give reasons and also mention one source of each nutrient. 2

शल्य चिकित्सा के उपरांत प्रभावित रोगी को अपने आहार में प्रोटीन तथा लौह (आयरन) की अधिक मात्रा लेने की सलाह दी गई । इसके कारण लिखिए तथा प्रत्येक पोषक का एक–एक स्रोत लिखिए ।

17 Expand the following abbreviations and state how are they useful in daily life ? 2

(a) CNG

(b) PNG

निम्नलिखित संक्षेपाक्षरों को पूर्ण विस्तृत रूप में लिखिए तथा दैनिक जीवन में उनकी उपयोगिता का उल्लेख कीजिए ।

(a) CNG

(b) PNG

18 Distinguish between Mutualism and Symbiosis. Write one suitable example of each from animal world. **2**

सहोपकारिता तथा सहजीविता के बीच अंतर (विभेद) कीजिए । प्राणीजगत से प्रत्येक का एक–एक उदाहरण भी लिखिए ।

19 Distinguish between Antigen and Antibody. **2**

प्रतिजन (ऐंटीजन) तथा प्रतिपिंड (एंटीबॉडी) में विभेद कीजिए ।

20 Where can you locate the following structures in plants ? **2**

(a) Perianth

(b) Bulliform cells

पौधों में निम्नलिखित संरचनाएँ कहाँ पाई जाती हैं ? उनकी अवस्थिति लिखिए :

(a) परिदल पुंज

(b) बुल्लीफार्म कोशिकाएँ

21 (a) With the help of a flow chart show the Calvin cycle. Write the names of the main products formed in this cycle. **4**

(b) Where does this cycle take place in plants ?

(a) प्रवाह आरेख की सहायता से केल्विन चक्र का निरूपण कीजिए । इस चक्र के दौरान निर्मित मुख्य उत्पादों के नाम लिखिए ।

(b) पौधों में यह चक्र कहाँ संपन्न होता है ?

22 With the help of well labelled diagrams distinguish between : **4**

(a) Androecium in Peaflower and Hibiscus.

(b) Venation in the leaves of Dicot and Monocot plants.

नामांकित चित्रों की सहायता से निम्न के मध्य अंतर स्पष्ट कीजिए :

(a) मटर के पुमंग तथा गुड़हल के पुमंग

(b) द्विबीजपत्री तथा एकबीजपत्री पौधों की पत्तियों में शिराविन्यास ।

23 (a) Draw a neat diagram of the Male Reproductive system in humans and label any six parts. **4**

(b) Name the Male Sex hormone of man.

(a) मानव नरजनन तंत्र का स्वच्छ एवं आनुपातिक आरेख बनाइए तथा इसके किन्हीं छः (6) भागों को नामांकित कीजिए ।

(b) पुरुष के नर (पौरुष) हार्मोन का नाम लिखिए ।

24 Briefly explain the various steps involved in the mechanism of DNA replication. Also draw a diagram to show the formation of new DNA strands. **4**
डीएनए (DNA) प्रतिकृतियन के विभिन्न चरणों की क्रमबद्ध संक्षिप्त व्याख्या लिखिए । नए DNA के निर्माण के प्रक्रम का आरेखात्मक निरूपण कीजिए ।

25 (a) What are Vaccines ? What do you understand by second generation vaccines. Write the names of any two diseases for which these vaccines are already in use. **4**

(b) Expand BCG and Mention its usage.

(a) 'टीका' क्या है ? द्वितीय पीढ़ी के टीके से आप क्या समझते हैं ? ऐसे दो रोगों के नाम लिखिए जिनके लिए इनका उपयोग किया जा रहा है ।

(b) BCG का पूरा नाम लिखिए तथा इसके उपयोग का उल्लेख कीजिए ।

26 (a) Where are the two biodiversity Hot-SPOTS found in India ? **4**

(b) Distinguish between In-Situ Conservation and Ex-situ Conservation. Also write one suitable example of each.

(c) With the help of a suitable example, define the term Endangered species.

(a) भारत में दो जैवविविधता 'हाट–स्पॉट' कहाँ स्थित हैं ?

(b) स्वस्थाने संरक्षण तथा बाह्य स्थाने संरक्षण के बीच अंतर स्थापित कीजिए । प्रत्येक का एक–एक उदाहरण भी लिखिए ।

(c) समुचित उदाहरण की सहायता से संकटापन्न प्रजातियों की परिभाषा लिखिए ।

27 (a) Write the four characteristic features of Phylum Arthropoda. **6**

(b) Mention two aerial adaptations found in birds.

(c) Write the scientific names of the following organisms.

(i) an egg-laying mammal

(ii) Pea plant.

(a) संघ आर्थ्रोपोडा के चार मुख्य अभिलक्षण लिखिए ।

(b) पक्षियों में उड़ने के लिए अनुकूलन की दो संरचनाओं का उल्लेख कीजिए ।

(c) निम्नलिखित जीवों के वैज्ञानिक नाम लिखिए :

(i) एक अंडप्रज स्तनधारी ।

(ii) मटर का पादप ।

28 (a) Draw a neat and labelled diagram of the Excretory organs in humans. **6**

(b) List the role of liver in Excretion. (2 points)

(c) Write the name the excretory organ in Cockroach.

(a) मानव के उत्सर्जन अंगों का नामांकित चित्र बनाइए ।

(b) उत्सर्जन में यकृत की भूमिका के कोई दो महत्त्वपूर्ण योगदान लिखिए ।

(c) तिलचट्टा (कॉकरोच) के उत्सर्जन अंग का नाम लिखिए ।

29 (a) With the help of a flow chart describe the steps involved in the Coagulation of blood. **6**

(b) Why is a person with blood group 'AB' called a Universal recipient ?

(c) Give an example of a lymphoid organ ? Name the two major types of cells present in them and state the general function they perform in the body.

(a) प्रवाह चार्ट की सहायता से रक्त के थक्काकरण (जमने) की प्रक्रिया के विभिन्न चरणों का वर्णन कीजिए ।

(b) रुधिर वर्ग – 'AB' वाले व्यक्ति को सार्वत्रिक (सार्विक) आदाता क्यों कहते हैं ?

(c) किसी लसीका अंग का उदाहरण लिखिए । इनमें उपस्थित दो प्रकार की प्रमुख कोशिकाओं के नाम लिख कर शरीर में उनके प्रकार्य लिखिए ।

30 (a) Explain the Sex Determination in Human. Differentiate between Homogametic and Heterogametic individuals. **6**

(b) A colour blind man marries a woman who has normal colour vision. A son and a daughter born to them are colour blind. Explain this with the help of a Self explanatory flow chart .

(a) मनुष्य में लिंग निर्धारण की व्याख्या कीजिए । समयुग्मकी तथा विषमयुग्मकी के बीच अंतर स्पष्ट कीजिए ।

(b) एक वर्णांध पुरुष का विवाह एक सामान्य वर्ण संवेदी स्त्री के साथ होता है । उन्हें एक पुत्र एवं एक पुत्री का जन्म होता है, दोनों ही संतान वर्णांध हैं । इस परिघटना की व्याख्या प्रवाह चार्ट की सहायता से कीजिए ।